भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †5123

सोमवार, 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

विशेष पर्यटन क्षेत्र के लिए बजट

†5123. डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः

श्रीमती कविता मलोथूः

श्री दयाकर पसुनूरीः

डॉ. जी. रणजीत रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में विशेष पर्यटन क्षेत्रों (एसटीजेड) के लिए बजट में कोई घोषणा की गई है;

(ख) यदि हां, तो उपर्युक्त घोषणा के कार्यान्वयन की स्थिति क्या है और इन एसटीजेड को कब तक तैयार किया जाएगा;

(ग) एसटीजेड होने का लाभ क्या है; और

(घ) तेलंगाना में स्थापित किए जाने वाले एसटीजेड का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क): जी, हाँ महोदय। विशेष पर्यटन जोनों की स्थापना की घोषणा वर्ष 2017-18 के बजट वक्तव्य के दौरान की गई थी।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने इस योजना के लॉन्च के लिए आवश्यक शर्त के रूप में 'भारत में विशेष पर्यटन जोनों के विकास की व्यवहार्यता' के विश्लेषण के सम्बन्ध में एक अध्ययन किया है। यह योजना अभी अनुमोदित नही है।

****